FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अदालत––जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

नलिनी वगै0 **बनाम दिनेश वगै0**

[illegible] मुकदमा–नामां0 अपील प्रकरण संख्या 01 / 2020

[illegible] हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
[illegible]02.2021	अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। पक्षकारान अपीलांट व रेस्पोडेन्ट उपस्थित। अपीलांट व रेस्पोडेन्ट्स ने एक राजीनामा पेश कर निवेदन किया कि पक्षकारान के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा हो गया है। प्रश्नगत नामांतरकरण संख्या 171 कस्बा दौसा निर्णित दिनांक 14.9.1971 के विरूद्ध अपीलार्थी द्वारा दायर अपील स्वीकार फरमाई जाकर मृतक जगन्नाथ के विधिक वारिसान के नाम पुनः नामांतरकरण दर्ज करने के आदेश फरमावे। प्रस्तुत अपील नामांतरकरण, मूल नामांतरकरण व प्रस्तुत राजीनामा का अवलोकन किया गया। उपस्थित पक्षकारान व अधिवक्तागण को सुना गया। बरूए राजीनामा अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। प्रश्नगत नामांतरकरण संख्या 171 कस्बा दौसा निरस्त किया जाकर तहसीलदार दौसा को रिमांड किया जाकर निर्देश दिये जाते हैं कि वे मृतक जगन्नाथ के विधिक वारिसान की जांच कर उनके हिस्से अनुसार नामांतरकरण दर्ज करें। आदेश की प्रति तहसीलदार दौसा को मूल नामांतरकरण के साथ प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो। जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official